# MAGADH DUGDH UTPADAK SAHKARI SANGH LIMITED

KATARI HILL ROAD, GAYA - 823001

PHONE No.- +91 6287892663, Website- http://magadhmilkunion.in/

FAX – 0631-2226379, E-Mail – gayadairygaya@yahoo.com/magadh.milkunion@gmail.com


दिनांक: 28/3/26

म0:दु0:सं0:गया जी:विपणनः 824

## निविदा–सूचना

**राज्य सरकार के सात निश्चय पार्ट–02 कार्यक्रम के अन्तर्गत सुधा होल–डे मिल्क पार्लरों के आवंटन हेतु निविदा आमंत्रण**

बिहार स्टेट मिल्क को–ऑपरेटिव फेडेरेशन लि0 पटना की इकाई मगध दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ के क्षेत्राधीन (गया जी, औरंगाबाद, अरवल,गया ) जिला में सरकार के 07 निश्चय पार्ट–02 कार्यक्रम अन्तर्गत सुधा उत्पादों के विपणन में वृद्धि के साथ–साथ बिहार राज्य के बेरोजगार लोगों को स्वरोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं अन्य विभागों द्वारा उपलब्ध कराए गए प्रमुख 07 स्थानों पर प्री–फैब्रिकेटेड सुधा होल–डे मिल्क बूथ का निर्माण कराया गया है। अथवा कराया जाना है, को मगध दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0 द्वारा आवंटित किया जाना है। इच्छुक व्यक्ति जो बिहार राज्य के स्थाई निवासी हों एवं पात्रता पूरी करते हों (वेबसाईट पर जगह की सूची एवं न्यूनतम निर्धारित मासिक किराया उपलब्ध है) से पार्लर के आवंटन हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता, निविदा प्रपत्र, निविदा के नियम व शर्तें कॉम्फेड के वेबसाईट www.sudha.coop अथवा www.magadhmilkunion.in से डाउनलोड कर सकते हैं अथवा मगध दुग्ध संघ, गया के लेखा शाखा से निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 1000/– भुगतान कर दिनांक–30.03.2026 से दिनांक–10.04.2026 के संध्या 05:00 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं। निविदा फार्म को खुली निविदा दो बोली प्रणाली (तकनिकि निविदा एवं वित्तीय निविदा) के माध्यम से सम्बंधित अनिवार्य दस्तावेजों, प्रमाण पत्रों एवं निर्धारित शुल्क को संलग्नित करते हुए भरा जायेगा। बंद लिफाफे के उपर 7 निश्चय पार्ट–2 के अंतर्गत जिला प्रशासन/अन्य सरकारी स्थानों/विभागों द्वारा उपलब्ध आवेदित स्थल का नाम (जिसके लिए निविदा भरेंगें) आवेदक का नाम, पता, मोबाईल नं0 अवश्य लिखा होना चाहिए।

**नोटः–** आवंटन के उपरांत भी यदि होल–डे मिल्क पार्लर का निर्माण किन्ही कारणों से संभव नहीं हो पाता है, तो ऐसी दशा में आवेदक को निर्गत आवंटन आदेश रदद् करते हुए उनके द्वारा जमा की गई अग्रधन की राशि वापस कर दी जायेगी एवं भविष्य में किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

| क्र0सं0 | जिला का नाम | जिलावार प्रखंडों का नाम | पंजीकरण शुल्क | अग्रधन की राशि | न्यूनतम मासिक किराया |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | गया जी | कोंच प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय। | 1000 | 10000 | 750 |
| 02 | गया जी | आमस प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय। | 1000 | 10000 | 750 |
| 03 | गया जी | बार्केबाजार प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय। | 1000 | 10000 | 750 |
| 04 | गया जी | नियर थाईचाईनीज रेस्टुरेंट बोधगया। | 1000 | 10000 | 1000 |
| 05 | औरंगाबाद | गर्वमेन्ट इंजिनियरिंग कॉलेज, कसमा रफीगंज। | 1000 | 10000 | 750 |
| 06 | औरंगाबाद | हसपुरा प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय। | 1000 | 10000 | 750 |
| 07 | अरवल | अबगिला पंचायत (नियर उच्च वि0) ग्राम–इटवाँ अरवल। | 1000 | 10000 | 750 |

1. वेबसाईट से अथवा कार्यालय से प्राप्ति हेतु निविदा दस्तावेजों की उपलब्धता दिनांक–30.03.2026 से 10.04.2026 बजे तक रहेगा।
2. निविदा फार्म पूर्ण रूप से बंद लिफाफा में भरकर जमा करने (डाक/कुरियर/हाथों हाथ) द्वारा संघ में प्राप्त हो जाने की अंतिम तिथि 13.04.2026 को संध्या 05:00 बजे तक (पता– प्रबंध निदेशक, मगध दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0, गया, कटारी हिल रोड, गया–823001।
3. निर्धारित अंतिम तिथि व समय के पश्चात् प्राप्त हुए निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
4. सभी प्राप्त निविदायें दिनांक–16.04.2026 को पूर्वाहन् 11:00 बजे दिन में मगध दुग्ध संघ के सभागार कक्ष में खोला जायेगा।
5. अद्योहस्ताक्षरी के बिना कारण बताए कोई भी निविदा या सभी निविदा रदद् करने/संशोधन करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

28/3/26

प्रबंध निदेशक

प्रतिः– सहायक महाप्रबंधक, विपणन (कॉम्फेड, पटना)
जिला गव्य विकास पदा0, गया जी, अरवल, औरंगाबाद।

:– प्रभारी लेखा/क्रय/स्था0/पथ प्रभारी
मगध दुग्ध संघ, गया।

:– सूचना पटट्– मगध दुग्ध संघ, गया।

MAGADH DUGDH UTPADAK SAHKARI SANGH LIMITED
KATARI HILL ROAD, GAYA - 823001
PHONE No.- +91 6287892663, Website- http://magadhmilkunion.in/
FAX – 0631-2226379, E-Mail – gayadairygaya@yahoo.com/magadh.milkunion@gmail.com

## चेकलिस्ट

निशान ✓लगायें

अनुलग्नकः–

1. पासपोर्ट आकार का फोटो
2. पहचान पत्र/आधार कार्ड की छाया प्रति. (अनिवार्य)
3. शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र की छाया प्रति
4. पैन कार्ड की छाया प्रति (अनिवार्य)
5. निर्धारित अग्रधन राशि का बैंक ड्राफ्ट, निबंधन राशि का बैंक ड्राफ्ट अथवा ऑफ लाईन निविदा प्रपत्र लेने पर मनी रसीद की मूल प्रति (अनिवार्य)
6. चरित्र प्रमाण पत्र (अनिवार्य) पुलिस अधिक्षक द्वारा निर्गत
7. स्थाई निवास प्रमाण पत्र (अनिवार्य) प्रखण्ड द्वारा निर्गत
8. चिकित्सा स्वास्थ प्रमाण पत्र
9. एक लाख रू0 का (1,00,000) फिक्स डिपोजित **अथवा** संबंधित बैंक द्वारा आवेदक के नाम से निर्गत बैंकर्स सर्टिफिकेट की छाया प्रति (अनिवार्य) **अथवा** बैंक पासबुक (बचत अथवा चालू)/जमा विवरण की छाया प्रति (अनिवार्य)
10. आवेदक का स्व प्रमाणित घोषणा प्रमाण पत्र (पृष्ठ सं0–06) एवं स्व घोषणा प्रमाण पत्र (पृष्ठ सं0–08) का रू0 100/– गैर न्यायिक स्टाम्प पेपर पर (अनिवार्य)
11. तकनीकी बीड एवं वित्तिय बीड दोनों अलग–अलग लिफाफा में सीलबन्द कर पुनः दोनों लिफाफा को एक बड़ा लिफाफा में सील बंद कर भेजा जाएगा।
12. निविदा फॉर्म कुल नौ (09) पृष्टों में है।

नोटः– सभी प्राप्त निविदायें दिनांक–16.04.2026 को पूर्वाहन 11:00 बजे दिन में से मगध दुग्ध संघ, गया में तकनिकि निविदा खोली जाएगी एवं अगले तिथि में वित्तीय निविदा खोली जायेगी। सभी निविदा दाताओं से आग्रह है कि निविदा खोलने के समय उपस्थित रहेंगे।

**सुधा होल–डे मिल्क पार्लर के आवंटन का उद्देश्य एवं प्रक्रियाः–**

- सात निश्चय पार्ट–2 योजना के अन्तर्गत बिहार स्टेट मिल्क को–ऑपरेटिव फेडरेशन लि0, पटना (कॉम्फेड) के द्वारा बिहार राज्य के विभिन्न जिला/प्रखण्डों/अनुमण्डल को अच्छादित करते हुए सुधा होल–डे मिल्क पार्लर के आधार मूल संरचना के विकास यथा प्रि–फैब्रिकेटेड बूथ निर्माण किया जायेगा।

- सुधा होल–डे मिल्क पार्लर बिहार राज्य के बेरोजगार लोगों को स्वरोजगार प्रदान करता है। बिहार सरकार द्वारा योजना की मंजूरी से सुधा उत्पादों के विपणन बिक्री के साथ–साथ स्वरोजगार प्रदान करने में मदद मिलेगी।

निविदादाता का हस्ताक्षर

## नियम एवं शर्तें

(आवेदक को बिहार राज्य का स्थायी निवासी होना आवश्यक है। बिहार सरकार राजपत्रित पदा0 द्वारा निर्गत आवासीय प्रमाण पत्र जिसमें आवेदक का बिहार राज्य का स्थायी निवासी होने का प्रमाण हो, की स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति संलग्न करें)

13. शैक्षणिक योग्यता (साक्षर)..........................................................................................
(कृप्या प्रमाण पत्र का स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति संलग्न करें)

14. उम्र (निविदा जमा करने की अंतिम तिथि तक उम्र न्यूनतम–21 वर्ष एवं अधिकतम उम्र सीमा .........वर्ष.........
(कृप्या जन्म प्रमाण पत्र, कोइ अन्य दस्तावेज या दसवीं पास का स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति संलग्न करें जिसमें जन्म तिथि उल्लेखित है)

15. स्व घोषणा प्रमाण पत्र ..........................................................................................
(आवेदक द्वारा संलग्नित स्वघोषित प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्य होगा।

16. क्या आवेदक स्वस्थ है? हाँ/नहीं
(कृप्या उपर्युक्त में सही ✓का निशान लगावें)

17. (क) जिन्हें स्वंय या उनके परिवार में किसी सदस्य को पूर्व से होल–डे मिल्क पार्लर आवंटित है, उन्हें अथवा उनके सगा परिवार (माता, पिता, पति, पत्नी, पुत्र, पुत्री) के सदस्य को तथा
(ख) कॉम्फेड या कॉम्फेड के संबद्ध दुग्ध/संघ इकाई में कार्यरत कर्मी का सगा सदस्य (माता, पिता, पति, पत्नी, पुत्र, पुत्री) को इस योजना के अन्तर्गत होल–डे मिल्क पार्लर आवंटन नहीं किया जायेगा।

संबंधित संघ (कॉम्फेड) द्वारा माँग किये जाने पर आवेदक द्वारा किसी पंजीकृत चिकित्सक के द्वारा निर्गत चिकित्सा प्रमाण पत्र मूल प्रति में संलग्नित करना होगा।

18. निविदा में आमंत्रण हेतु निबंधन शुल्क एवं अग्रधन राशिः–(मनी रसीद सं0/डिमाण्ड ड्राफ्ट सं0 एवं दिनांक)–
(आवेदनकर्ता निर्धारित रजिस्ट्रेशन फी रू0 1,000/– एवं अग्रधन की राशि रू0 10,000/– का डिमांड ड्राफ्ट जो अलग–अलग हो जो मगध दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0 के पक्ष गया में भुगतेय होना चाहिए। आवेदन के साथ पंजीकरण शुल्क एवं अग्रधन की राशि संलग्न करना अनिवार्य है। यदि आवेदन नगद राशि (निबंधन शुल्क) जमा कर प्राप्त किया गया है तो सिर्फ अग्रधन राशि रू0 10000/– का बैंक ड्राफ्ट संलग्न करना है।

19. आवेदन के साथ पंजीकरण शुल्क एवं अग्रधन राशि संलग्न नहीं करने पर निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। तथा निविदा स्वतः रदद् माना जायेगा।

20. वित्तीय योग्यता :–व्यवसाय हेतु कार्यशील पूँजी की उपलब्धता ...............................................
(व्यवसाय हेतु आवेदक के पास न्यूनतम राशि रू0 10,00,00.00 (एक लाख) होनी चाहिए जो आवेदक के पास जमा हो अथवा फिक्सड डिपोजिट, आवेदन भरने की अंतिम तिथि तक आवेदक के स्वयं के खाते में रू 10,00,00.00 (एक लाख) की राशि जमा रहने का प्रमाण (पासबुक की प्रथम पृष्ठ की छायाप्रति जिसमें आवेदक का नाम, पता एवं खाता सं0 दर्ज हो तथा संबंधित पृष्ठ जिसमें राशि जमा रहने का प्रमाण अंकित हो) या संबंधित बैंक द्वारा आवेदक के नाम से निर्गत बैंकर्स सर्टिफिकेट के रूप में दर्शित हो, की छाया प्रति संलग्नित करें।

21. आवेदक को स्वस्थ होना आवश्यक है। संघ द्वारा माँग किये जाने पर आवेदक को किसी पंजीकृत चिकित्साक द्वारा निर्गत चिकित्सा प्रमाण पत्र की मूल प्रति प्रदान करना होगा।

22. असफल निविदादाता को अग्रधन की राशि रू0 10,000/– वापस कर दी जायेगी जिस पर किसी तरह का ब्याज देय नहीं होगा।

23. सफल निविदादाता को आवंटन आदेश जारी होने के उपरांत, कार्य प्रारंभ करने से पहले सुरक्षा राशि रू0 1,00,000/–(एक लाख) (वापसी योग्य) डिमांड ड्राफ्ट के रूप में जमा करना होगा। अंतिम रूप से चयनित आवेदक (आवंटी) द्वारा आवेदन के साथ संलग्न की गयी अग्रधन की राशि रू0 10,000.00 (दस हजार रूपये) को सुरक्षा राशि को समायोजित कर ली जायेगी एवं शेष बचे रू0 90,000.00 (नब्बे हजार) आवंटी को जमा करना होगा। सुरक्षा राशि पर किसी भी प्रकार का बयाज देय नहीं होगा।

24. चयन के उपरांत सफल उम्मीदवार को एक माह के भीतर पैन कार्ड एवं FSSAI प्रमाण पत्र की छायाप्रति उपलब्ध कराना होगा।

25. वर्तमान में आवंटित चयनित स्थल पर यदि होल–डे मिल्क पार्लर का निर्माण कार्य नहीं हुआ है। उक्त स्थल पर निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात् ही बूथ का हस्तगत कर संचालन प्रारंम्भ किया जायेगा।

26. आवंटन पत्र के उपरांत भी यदि होल–डे मिल्क पार्लर का निर्माण किन्ही कारणों से संभव नहीं हो पाता है या स्थल का अनापत्ति जिला प्रशासन द्वारा प्राप्त नहीं होता है तो ऐसी दशा में आवेदक को निर्गत आवंटन आदेश /चयन रदद् करते हुए निविदादाता द्वारा जमा की गई अग्रधन राशि वापस कर दी जायेगी।

27. होल–डे मिल्क बूथ का आवंटन निविदा में डाले गये वित्तिय दर सबसे अधिकतम दर (H1) मोड पर किया जायेगा।

28. कोई निविदादाता/आवेदनकर्त्ता के सगा परिवार (माता, पिता, पति, पत्नी, पुत्र, पुत्री) का निविदा में एक से अधिक स्थान होल–डे मिल्क पार्लर के आवंटन में चयन होता है। तो ऐसी दशा में परिवार का एक सदस्य को कोई एक ही स्थान का सबसे अधिकतम समर्पित दर पर चयन किया जायेगा।

29. यदि किसी आवेदक के प्रमाण पत्र दस्तावेजों के सत्यापन के उपरांत अथवा तकनिकि कारणों से आवेदक की पात्रता रदद् हो जाती है, तब शेष बचे सभी पात्र आवेदकों में से ही अधिकतम दर समर्पित करने वाले को चयनित किया जायेगा।

30. कोई भी निविदादाता/आवेदनकर्ता कोई एक ही स्थान/होल–डे मिल्क पार्लर के लिए निविदा समर्पित कर सकेंगें। एक से अधिक स्थान/होल–डे मिल्क पार्लर के आवंटन हेतु निविदा समर्पित करने की स्थिति में निविदादाता द्वारा समर्पित किये गये सभी निविदाओं को रदद् माना जायेगा।

31. होल–डे मिल्क पार्लर आवंटन हेतु निविदा में आरक्षित न्यूनतम मासिक किराया से कम कोई भी दर निविदादाता द्वारा समर्पित नहीं किया जायेगा। यदि आरक्षित न्यूनतम मासिक दर से कम दर समर्पित करने पर निविदा स्वतः रदद् माना जायेगा।

32. निविदा में एक से अधिक पात्र उम्मीदवारों के द्वारा समर्पित की गयी अधिकतम वित्तिय दर एक समान पायी जाती है तो ऐसी स्थिती में उम्मीदवारों के बीच लौट्री प्रकिया के माध्यम होल–डे मिल्क पार्लर का आवंटन किया जायेगा।

33. चयन उपरांत सफल उम्मीदवार को अनुबंध की आगे की प्रकिया, सुरक्षा राशि जमा करना और अन्य आवश्यक औपचारिकता को पूर्ण कर संघ द्वारा औपबंधिक कार्य आदेश (LOA) /आंवटन की एक प्रति कॉम्फेड मुख्यालय को प्रेषित की जायेगी।

**34. पात्रता मानदंड के तहत बिन्दु सं0 02 से 12 तक अनिवार्य सभी पात्रता तथा मानदंड शर्तो को पुरा करना होगा। मानदंड शर्तों को पूरा नहीं करने पर आवेदक को असफल घोषित करते हुए उनका आवेदन रदद कर दिया जायेगा तथा सुधा होल–डे मिल्क पार्लर के आवंटन की प्रक्रिया के लिए विचार नहीं किया जायेगा।**

35. प्राप्त आवेदनों की प्रारंभिक जाँच संघ द्वारा गठित कमिटि द्वारा की जायेगी। गठित उच्च स्तरीय कमिटि में अन्य सदस्यों में जिला गव्य पदा0 या उनके प्रतिनिधि एवं कॉम्फेड मु0 के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

<u>नोटः–</u>

- सुधा मिल्क पार्लर हेतु आवेदन करने से पहले निविदादाता/आवेदक निविदा दस्तावेज को ध्यानपूर्वक पढ़, समझ लें।
- अनिवार्य सभी शर्तों को पुरा करना होगा। अगले दौर की चयन प्रक्रिया हेतु पात्रता पर विचार करने के लिए आवेदक आवश्यक जानकारी ठीक से भरें तथा उल्लेखित आवश्यक दस्तावेजों को निविदा प्रपत्र के साथ जमा करेंगे।
- सफल उम्मीदवारों को कार्य आवंटन से पहले FSSAI License प्राप्त कर कार्यालय में जमा करना होगा।
- तकनीकी निविदा में आयोग्य पाये गये निविदादाता का वित्तिय निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा एवं वित्तिय निविदा नहीं खोला जायेगा।

**निविदादाता का हस्ताक्षर**

## स्वप्रमाणित घोषणा पत्र

(100/– गैर–न्यायिक स्टाम्प पेपर पर)

मैं एतद द्वारा घोषणा करता हूँ/करती हूँ की निविदा प्रपत्र एवं संलग्नित दस्तावेज में दी गयी जानकारी मेरे व्यक्तिगत जानकारी एवं विश्वास में पूर्णतयः सत्य है तथा इसमें कुछ भी छिपाया गया नहीं है। मैं इस तथ्य से अच्छी तरह परिचित हूँ कि यदि मेरे द्वारा दी गयी जानकारी किसी भी समय या भविष्य में मिथ्या/गलत पाया जाता है तो मेरे द्वारा दिये गये निविदा आवेदन को रद्द माना जायेगा। मेरे द्वारा दी गयी सभी सूचनाओं एवं दस्तावेजों को मूल के साथ सत्यापित किया जा सकता है तथा इसे लिए मैं उत्तरदायी होऊँगा/होऊँगी।

निविदादाता का हस्ताक्षर

दिनांकः ..............................

स्थानः ..............................

खंड–I

(तकनीकी निविदा)

# सुधा मिल्क पार्लर के आवंटन हेतु निविदा प्रपत्र

(आवेदक द्वारा ऑफलाईन माध्यम से पूर्ण विवरणी के साथ भरा जाना चाहिए)

| हाल के पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटो चिपकाएँ |
|---|

1. जिला का नामः ..............................................................................................

2. आवेदित स्थल का नामः ..............................................................................
   (कृप्या उस आवेदित स्थल का नाम लिखें जिस स्थान के होल–डे मिल्क पार्लर के आवंटन हेतु आवेदन किया जा रहा है)

3. आवेदक का नाम (बड़े अक्षरों में): ..............................................................................

4. आवेदक का पता

   क) वर्तमान पता : ..............................................................................................
   ..............................................................................................
   ..............................................................................................

   ख) स्थायी पता : ..............................................................................................
   ..............................................................................................
   ..............................................................................................

   (कृप्या क्रम सं0 4 (क) एवं (ख) में उल्लेखित पते से संबंधित दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छाया प्रति संलग्न करें)

5. मोबाईल नम्बर : ........................................ ई–मेल : ...................................................

6. आवेदक का आधार कार्ड संख्या : ..............................................................................
   (कृप्या आधार कार्ड का स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति संलग्न करें)

7. पैन कार्ड नम्बर : ..............................................................................................
   (कृप्या पैन कार्ड का स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति संलग्न करें)

8. स्थायी निवास प्रमाण पत्र : ..............................................................................
   (कृप्या प्रमाण पत्र का स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति संलग्न करें)

**निविदादाता का हस्ताक्षर**

# स्व घोषणा प्रमाण पत्र

(100/– गैर–न्यायिक स्टाम्प पेपर पर)

1. मैं या मेरे परिवार का कोई भी सदस्य सुधा होल–डे मिल्क पार्लर का आवंटी हूँ/हैं अथवा नहीं।

हाँ/नहीं

(कृप्या उपयुक्त में ✓सही का निशान लगावें)

2. मैं या मेरे परिवार का कोई सगा सदस्य (माता, पिता, पत्नी, पुत्र, पुत्री) बिहार स्टेट मिल्क को–आपॅरेटिव फेडरेशन लि0, पटना या कॉम्फेड से संबद्ध दुग्ध संघ/इकाई में कार्यरत हूँ/हैं अथवा नहीं।

हाँ/नहीं

(कृप्या उपयुक्त में ✓सही का निशान लगावें)

यदि 2 का उत्तर हाँ है, तो निम्न ब्यौरा भरें

मैं (आवेदक का नाम)..........................................................................................................

स्वघोषित करता हूँ कि श्री/सुश्री/श्रीमती (कार्यरत कर्मी का नाम).........................................
..........................................................................................................................................

(संघ/इकाई का नाम).................................................................................................... के

(पदनाम) ........................................................................................... के पद पर

(पदस्थापन का स्थान) ........................................................................ में कार्यरत है,

एवं मेरे (आवेदक के साथ संबंध)................................................................................ है।

**निविदादाता का हस्ताक्षर**

दिनांकः ............................

स्थानः ............................

खंड–II

(वित्तिय निविदा)

## सुधा मिल्क पार्लर के आवंटन हेतु निविदा प्रपत्र

(आवेदक द्वारा ऑफलाईन माध्यम से पूर्ण विवरणी के साथ भरा जाना चाहिए)

1. जिला का नमाः ..........................................................................................

2. आवेदित स्थल का नामः ..........................................................................
   (कृप्या उस आवेदित स्थल का नाम लिखें जिस स्थान के होल–डे मिल्क पार्लर के आवंटन हेतु आवेदन किया जा रहा है)

3. आवेदक का नाम (बड़े अक्षरों में): ...............................................................

4. सुधा होल–डे मिल्क पार्लर आवंटन हेतु समर्पित किये जाने वाले दर (रू0 प्रतिमाह)

   अंको में ..............................................................................................

   शब्दों में ..............................................................................................

**निविदादाता का हस्ताक्षर**

दिनांकः ............................

स्थानः ...........................